हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, मंगलवार 26 मई 2026


तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री


12 झीरम घाटी हमले के शहीदों को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि


11 सुशासन तिहार के आवेदनों का समयबद्ध निराकरण ...





## खबर संक्षेप

### कला मंच शेड निर्माण का किया भूमिपूजन



**गुण्डरदेही।** विधायक कुंवर सिंह निषाद ने सोमवार को ग्राम लासाटोला डुण्डेरा में कला मंच के पास शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। विधायक ने कहा कि गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव तक विकास की रोशनी पहुंचाना हमारा संकल्प है। जनता की आकांक्षाओं को पूरा समृद्ध गुण्डरदेही विधानसभा के निर्माण हेतु हम सतत आगे बढ़ रहें हैं। यह निर्माण कार्य ग्रामीणों के सुगम मंदिर प्रांगण में बैठने की व्यवस्था एवं गांव में होने वाले कार्यक्रम के सुविधा के साथ गांव के आधारभूत विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस अवसर पर जनपद सदस्य गौरी उत्तम निषाद, सरपंच थलेश सिन्हा, जगदीश ठाकुर, कुंभकरण ठाकुर, फिरंगी ठाकुर, प्रेमलाल ठाकुर, थुकेल, अनुप, आसाराम ठाकुर सहित जनप्रतिनिधि, वरिष्ठजन एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

### चौरेल में आज लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

**बालोद।** राज्य शासन द्वारा जन शिकायतों का समयबद्ध एवं प्रभावी निराकरण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को सुगम, पारदशएँ एवं त्वरित सेवाओं का उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरेल में 26 मई को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। चौरेल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम चंदनबिरही, चिचलगोंदी, रौना, कान्दुल, परसतराई, रैहची, कोटगांव, सनौद, डुंडेरा, नवागांव डु, बासीन, पिरीद, कुरदी, चौरेल, कोंगनी, कमरौद, धनगांव, खेरूद, कोड़ेवा और खुटरी (खे) के ग्रामीण शामिल होंगे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चौरेल में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर के सफल संचालन हेतु कृषि उपज मंडी सचिव संजीव वाहिले को नोडल अधिकारी एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गुंडरदेही उमेश रात्रे एवं वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी पितेश्वरी सूर्यवंशी को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### हरदेव लाल दिल्लीवार का साहित्यकारों ने शाल-श्रीफल भेंटकर किया सम्मान



**गुण्डरदेही।** 93 वर्षीय हरदेव लाल दिल्लीवार निवासी चिचलगोदी का साहित्यकार द्वय केशव राम साहू एवं गजपति राम साहू ने उनके निवास पंहुचकर शाल श्री फल भेंट कर सम्मान किया। ज्ञात हो कि दिल्लीवार ने सेवानिवृत्ति के पश्चात निःस्वार्थ भाव से पेंशनरों के वित्तीय प्रकरण, ग्रेजुएटी, सामान्य भविष्य निधि, परिवार कल्याण निधि, आश्रित पेंशन निधि, समूह बीमा योजना आदि का लाभ दिलाने तत्परता से सेवा में समर्पित रहते हैं। इस उम्र के पड़ाव में भी वह स्वस्थ हैं एवं सुविधा हैंड बुक 2026 किताब का अध्ययन कर संशोधित कानून के प्रावधान में पेंशनरों को लाभ दिलाने सक्रिय हैं, उनके निस्वार्थ सेवा भाव एवं सक्रियता के कारण पेंशनर संघ द्वारा अब तक उन्हे तहसील पेंशनर संघ के अध्यक्ष मनोनीत किए हुए हैं।

# हाईटेक डायल 112 ईआरवी वाहन का शुभारंभ, घटनास्थल पर जल्द पहुंचने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी डायल-112 योजना के तहत बालोद जिले में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस हाईटेक ईआरवी (इमरजेंसी रिस्पांस व्हीकल) वाहनों का विधिवत शुभारंभ किया गया।

इसी कड़ी में डौंडीलोहारा थाना क्षेत्र को भी नया हाईटेक डायल-112 वाहन मिला है, जिससे नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन सहायता सेवाएं अब और अधिक तेज, प्रभावी एवं सुदृढ़ होंगी। नई ईआरवी वाहन में अत्याधुनिक संचार प्रणाली, जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम, वायरलेस नेटवर्क, त्वरित रिस्पांस तकनीक, मेडिकल किट, हाई पावर सायरन तथा पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। इन तकनीकों की सहायता से सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा, अपराध नियंत्रण, पारिवारिक विवाद तथा चिकित्सा आपात स्थिति जैसी घटनाओं में बेहद कम समय में सहायता पहुंचाई जा सकेगी।

डौंडीलोहारा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर सहित 63 गांव आते हैं। क्षेत्र के सभी डेंजर जोन, ब्लैक स्पॉट एवं संवेदनशील स्थानों को चिन्हांकित किया गया है, जहां अक्सर सड़क दुर्घटनाएं, अपराध, भीड़भाड़ अथवा अन्य आपात ▶▶शेष पेज 11 पर

## तीनों पहर अलग-अलग स्थानों पर तैनात रहेगा डायल-112 वाहन

### खास बातें

- एक्के नंबर सबो बर-112 से आपात सहायता व्यवस्था होगी और मजबूत
- सड़क दुर्घटना, महिला सुरक्षा और मेडिकल इमरजेंसी में मिलेगी त्वरित सहायता




### फर्जी कॉल और अफवाहों से बचें

"एक्के नंबर सबो बर - 112" का उद्देश्य नागरिकों को एकीकृत आपात सेवा उपलब्ध कराना है। अब किसी भी आपात स्थिति में अलग-अलग नंबर याद रखने की आवश्यकता नहीं होगी। चाहे सड़क दुर्घटना हो, अपराध, महिला सुरक्षा से जुड़ी समस्या या मेडिकल इमरजेंसी—हर परिस्थिति में केवल 112 डायल करने पर पुलिस, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड जैसी आवश्यक सेवाएं उपलब्ध हो सकेंगी। थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी आपात परिस्थिति में बिना घबराए 112 हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें तथा फर्जी कॉल और अफवाहों से बचें, ताकि जरूरतमंद लोगों को समय पर सहायता मिल सके।

## सम्मान : बालोद जिले में 23 हजार से अधिक मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को 13 करोड़ से अधिक राशि का भुगतान, उत्कृष्ट कार्य करने वाली समितियां सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद

जिला यूनियन बालोद अंतर्गत 17 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के 252 संग्रहण केंद्रों एवं फड़ों में 22,958 तेंदूपत्ता संग्राहकों द्वारा कुल 23,891.610 मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण किया गया। इस दौरान प्राथमिक समिति गेंजी, बड़भूम, लोहरटोला एवं रेंगाडबरी ने निर्धारित लक्ष्य से अधिक तेंदूपत्ता संग्रहण कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की।

इस अवसर पर जिला यूनियन बालोद में आयोजित कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ (व्यापार एवं विपणन) मर्यादित, नवा रायपुर के उपाध्यक्ष यशदत्त शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति में 100 प्रतिशत से अधिक संग्रहण करने वाली समितियों के अध्यक्षों एवं प्रबंधकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला यूनियन बालोद द्वारा 22,958 संग्राहकों को कुल 13 करोड़ 14 लाख 03 हजार 855 रुपए की राशि सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जा रही है। अब तक 3 करोड़ 25 लाख 52 हजार 376 रुपए का भुगतान सफलतापूर्वक किया जा चुका है। बालोद जिले के लिए यह गौरव का विषय माना जा रहा है कि मात्र 22 दिनों के भीतर इतनी बड़ी राशि जिले की 17 सहकारी समितियों से जुड़े वनवासी परिवारों तक पहुंचाई जा रही है। इसे जिला यूनियन एवं वनमंडल बालोद की बड़ी उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।





### स्व-सहायता समूहों को आर्थिक मजबूती मिल रही

कार्यक्रम में उपाध्यक्ष यशदत्त शर्मा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी प्रबंधकों, अध्यक्षों एवं अधिकारियों-कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण बालोद जिले के लिए आजीविका का महत्वपूर्ण साधन है, जिससे वनांचल में निवासरत परिवारों एवं स्व-सहायता समूहों को आर्थिक मजबूती मिल रही है। कार्यक्रम में वनमंडल अधिकारी अभिषेक अग्रवाल (भा.व.से.), पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार, उप वनमंडलाधिकारी दल्लीराजहरा एम.सी. डाहिरे, उप प्रबंध संचालक जिला यूनियन बालोद मधुसूदन डोंगरे सहित विभिन्न प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के अध्यक्ष, प्रबंधक एवं पोषक अधिकारी उपस्थित रहे।

## डेम में डूबे युवक का शव 7 घंटे बाद मिला, दल्लीराजहरा में पसरा मातम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

लौह नगरी दल्लीराजहरा के पथराटोला के पास स्थित रजही डैम में डूबे युवक का शव करीब 7 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोताखोरों द्वारा बाहर निकाल लिया गया। घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक और मातम का माहौल व्याप्त है।

मिली जानकारी के अनुसार मृतक युवक की पहचान अनीश कुमार कौशल, पिता झुमक लाल कौशल, निवासी मानपुर चौक, दल्लीराजहरा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि अनीश भिलाई में छात्रावास में रहकर पढ़ाई करता था और इन दिनों छुट्टियों में अपने घर आया हुआ था।

बताया जा रहा है कि रविवार को अनीश अपने दोस्तों के साथ रजही डैम घूमने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। युवक के अचानक लापता होने से मौके पर हड़कंप मच गया और तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई।

घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस, ग्रामीणों और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंची तथा युवक की तलाश शुरू की गई। डैम में देर शाम तक सर्च अभियान चलाया गया। करीब 7 घंटे तक चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद गोताखोरों ने युवक का शव डैम से बाहर निकाला। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में शोक की लहर फैल गई है। पुलिस द्वारा पंचनामा कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच की जा रही है।

## डीएमएफ मद में बड़ा खेल!

# आयरन रिमूवल प्लांट के नाम पर लाखों की राशि खर्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

आदिवासी विकासखंड डौंडी में जिला खनिज संस्थान न्यास मद की राशि के दुरुपयोग का एक और बड़ा मामला सामने आया है। नर्रालगुड़ा में सीसी रोड और ओपन जिम के बाद अब आयरन रिमूवल प्लांट की स्थापना में भारी अनियमितता उजागर हुई है।

जनपद पंचायत डौंडी के अंतर्गत पटेली, लिमुडीह, उकारी, पचेड़ा, पथरटोला, सुडोनगर सहित करीब आधा दर्जन पंचायतों में जनवरी 2025 से आयरन रिमूवल प्लांट की स्थापना के लिए प्रति पंचायत 8.15 लाख रुपये की राशि डीएमएफ मद से स्वीकृत की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीणों को आयरन युक्त पानी से निजात दिलाकर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना था। लेकिन स्वीकृति के 15 महीने बाद भी जमीनी हकीकत चौंकाने वाली है।

उक्त कार्य में पहला सिर्फ डिब्बा लगा, प्लांट गायब जिन स्थानों पर आयरन रिमूवल प्लांट लगना था, वहां पर 8.15 लाख की योजना के नाम पर मात्र 6x6 फीट का एक लोहे का बॉक्स रखकर खानापूर्ति कर दी गई है। किसी भी पंचायत में कार्य स्थल पर सूचना पटल नहीं लगाया गया है। नियमानुसार कार्य का नाम, लागत, एजेंसी और समय-सीमा का उल्लेख होना अनिवार्य है, लेकिन यहां पूरी तरह गोपनीयता बरती गई। भुगतान पूराः सबसे गंभीर बात यह है कि प्लांट चालू होना तो दूर, उसका ढांचा तक पूरा नहीं हुआ है। इसके बावजूद संबंधित पंचायतों द्वारा ठेकेदार को प्रति प्लांट 4.075 लाख रुपये का भुगतान कर दिया गया है जो 6x6 का ▶▶| शेष पेज 11 पर



### जानकारी मांगी गई

जनपद सीईओ डी डी मंडले ने बताया की उक्त मामले की जानकारी मिलते ही संबंधित पंचायत से जानकारी मांगी गई है। अगर कुछ अनियमितता पाई गई तो उचित कार्यवाही की जावेगी।

- **डीडी मंडले,** जनपद सीईओ

### दोषियों पर कार्रवाई होगी

जनपद अध्यक्ष ने लिया संज्ञान मामले की गंभीरता को देखते हुए डौंडी जनपद पंचायत अध्यक्ष मुकेश कौड़ो ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा, मेरे संज्ञान में यह मामला आया है। 8.15 लाख की योजना में सिर्फ डिब्बा लगा है और 4.075 लाख का भुगतान भी हो गया है, यह बेहद गंभीर है। इसकी उच्च स्तरीय जांच कराई जाएगी। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी और ग्रामीणों को उनका हक दिलाया जाएगा। 8.15 लाख रुपये की लागत वाले प्लांट की जगह 6x6 फीट का बॉक्स किसके आदेश पर लगाया गया? जब कार्य 20% भी पूरा नहीं हुआ तो ठेकेदार को 50% यानी 4.075 लाख रुपये का भुगतान किस नियम के तहत किया गया?

# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, चार वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में खनिज विभाग द्वारा गुण्डरदेही विकासखण्ड में 24 मई को औचक निरीक्षण किया गया। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि निरीक्षण के दौरान खनिज रेत के अवैध परिवहन करते पाये जाने के कारण कुल 04 वाहनों को जप्त किया गया।

- खान एवं खनिज अधिनियम के तहत होगी कार्रवाई

जिसमें रेत से भरी हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 17 केएन 2793, सीजी 07 बीएन 7715, सीजी 08 एके 4335 तथा 01 ट्रेक्टर मय ट्रॉली रेत को जप्त किया। जिसे थाना, आरक्षी केन्द्र गुण्डरदेही के अभिरक्षा में रखा गया है। उन्होंने बताया कि उक्त प्रकरण मे नियमानुसार खान व खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की जाएगी एवं भविष्य में भी खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करते पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।






# आवारा पशुओं की समस्या, पानी संकट और खेत किसानी के मुद्दों पर 15 गांवों के किसानों की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/निकुम



ग्राम भरदाकला में खेती किसानी से जुड़े मुद्दों को लेकर 15 ग्राम पंचायत के किसान, जनप्रतिनिधि, गाय चरवाहे आपस में बैठकर गैर राजनीतिक संगठन किसान उत्थान समिति का निर्माण किया गया।

जिसमें मुख्य रूप से क्षेत्र में आवारा पशुओं की समस्या को ध्यान में रखकर इन 15 गांव में आवारा पशुओं को चिन्हांकित करके उन्हें इकट्ठा कर शासन को सौंपने की तैयारी की गई है, जिससे धान की फसल को होने वाले नुकसान से बचा जा सके एवं रबी के फसलों को व्यापक स्तर में बुवाई करने की भी बात कही गई। किसान बैठक में खेती किसानी से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार विमर्श किया गया, गर्मी के दिनों में होने वाली पानी की समस्या को देखते हुए इन 15 गांव के लोगों ने निर्णय लिया की धान की फसल को पूर्णता प्रतिबंध किया जाएगा एवं वर्तमान में खाद बीज एवं डीजल की समस्या की समस्या पर भी व्यापक विचार विमर्श किया गया एवं आगे रणनीति बनाई गई।

बैठक में क्रांतिभूषण साहू अध्यक्ष सरपंच संघ बालोद, भुवनेश्वर ठाकुर, विजयपाल बेलचंदन, भूपेंद्र साहू, चुकेश्वर साहू, सुनील बेलचंदन, अनिल सोनी, परस निषाद, योगेश्वर साहू, रमेशस तेलासी एवं समस्त सरपंच किसान उपस्थित रहे।

## किसानों को समय पर उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश

# खरीफ के लिए समितियों में खाद-बीज का पर्याप्त भंडारण: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले के सहकारी समितियों में किसानों के लिए समुचित मात्र में खाद, बीज का भण्डारण कर ली गई है। कलेक्टर मिश्रा ने सभी समिति प्रबंधकों को राज्य शासन द्वारा जारी किए गए दिशा–निर्देशों के आधार पर खाद, बीज का समुचित वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है।

कलेक्टर मिश्रा संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले के किसानों को खाद, बीज की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु सहकारी समितियों के प्रबंधकों की बैठक लेकर उक्ताशय के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर मिश्रा द्वारा मौजूदा खरीफ वर्ष में किसानों को खाद, बीज की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु जिले के सभी विकासखण्डों के समिति प्रबंधकों की बैठक ली जा रही है। कलेक्टर मिश्रा द्वारा गत दिनों बालोद, डौण्डी एवं गुरूर विकासखण्ड के समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर इस संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए थे।

इसके अंतर्गत कलेक्टर मिश्रा ने डौण्डीलोहारा एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड के समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर मौजूदा खरीफ वर्ष में किसानों को समुचित मात्र में खाद, बीज की उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु की जा रही व्यवस्थाओं की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर ने सहकारी समितियों से धान उठाव, लेखा मिलान के अलावा खाद, बीज की समुचित उपलब्धता एवं वितरण की व्यवस्था के संबंध में समिति प्रबंधकों से बारी–बारी से जानकारी ली। बैठक में जिला विपणन अधिकारी टिकेन्द्र राठौर ने बताया कि जिले के सहकारी समितियों में पोटाश, युरिया, डीएपी, सुपरफास्फेट, एनपीके सहित अब तक कुल 34 लाख 07 हजार टन खाद का भण्डारण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि शासन के निर्देशानुसार किसानों को इसकी समुचित वितरण की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।

## किसानों की समस्याओं को लेकर कल तहसीलों में सौंपा जाएगा ज्ञापन

**बालोद/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ प्रदेश के किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर 27 मई को प्रत्येक तहसील स्तर पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। छत्तीसगढ़ के सभी तहसीलों में एक ही दिन किसानों की समस्याओं को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। किसान संघ ने कहा किसानों को वर्तमान समय में खाद एवं बीज की उपलब्धता, बढ़ती पेट्रोल–डीजल कीमतों, कृषि लागत में वृद्धि तथा अन्य स्थानीय समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

इन समस्याओं के समाधान हेतु किसान संघ ज्ञापन के माध्यम से शासन को किसानों की दिक्कतों से अवगत करायेगा। भारतीय किसान संघ का मानना है कि यदि समय रहते किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया, तो इसका सीधा प्रभाव कृषि उत्पादन एवं किसानों की आर्थिक स्थिति पर पड़ेगा। भारतीय किसान संघ ने प्रदेश के सभी किसानों, कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से उपस्थित होने की बात भारतीय किसान संघ जिला बालोद के अध्यक्ष सांवत राम साहू ने की है।

# अपशिष्ट प्रसंस्करण, डिजिटल ट्रैकिंग और पेनल्टी पर दिया विशेष जोर

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 संबंधी कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के अध्यक्षता एवं नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा के उपस्थिति में विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के परिपालन के संबंध में यह कार्यशाला आयोजित हुई। जिसमें ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, नगरीय निकायों की जिम्मेदारी, ठोस अपशिष्ट उत्पादक के कर्तव्य, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी सहित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा हुई। स्थल पर ही अपशिष्ट प्रसंस्करण, डिजिटल ट्रैकिंग तथा पेनाल्टी पर विशेष जोर दिया जाएगा।

### स्वच्छता के लिए जनसहभागिता हो

कार्यशाला में निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने शहर वासियों से स्वच्छता हेतु जनसहभागिता हेतु विशेष आग्रह किये। घरों से समय पर कचरा उठाव हेतु जीपीएस सिस्टम जल्द लागू करने की बात कही गई है। कार्यशाला में प्रमुख रूप से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 का उद्भव एवं विकास का उद्देश्य है। इस संबंध में पीपीटी के माध्यम से स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली एवं पीआईयू अभिनव ठोकने के द्वारा विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। घरों से निकलने वाले कचरा का विधिवत निपटान एवं प्रबंधन हेतु चर्चा की गई। उद्देश्य लैंडफिल में शून्य अपशिष्ट सुनिश्चित किया जाना है।




### कचरे का अलग-अलग प्रबंधन जरूरी

प्रमुख प्रावधान अपशिष्ट उत्पादकों के लिए स्त्रोत पर अपशिष्ट का पृथक्करण एक वैधानिक अनिवार्यता है, जिसमें गीला, सूखा, सैनिटरी अपशिष्ट शामिल है। नियमों के अनुपालन में विफलता अब मात्र प्रशासनिक त्रुटि नहीं मानी जाएगी। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तीन स्तरीय प्रवर्तन व्यवस्था अनिवार्य की गई है, जिसमें तत्काल जुर्माना, आपराधिक अभियोजन तथा पर्यवेक्षण दायित्वों का निर्वहन न करने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही शामिल है। प्रथम स्तर प्रारंभिक क्रियान्वयन नहीं होने पर तत्काल अर्थदण्ड, द्वितीय स्तर पर निरंतर अनुपालन नहीं करने पर पर्यावरणीय प्रतिकर एवं अभियोजन, तृतीय स्तर पर अधिकारियों द्वारा पालन नहीं करने पर संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी।

### रिपोर्टिंग व निगरानी करें

कार्यशाला में बताया गया कि संग्रहण एवं पृथक्करण, पंजीकरण एवं डिजिटल अनुपालन, संस्करण अवसंरचना, प्रमाण पत्र जारी करना, लैंडफिल एवं डंपसाइट प्रबंधन, निगरानी एवं रिपोटिंग को शामिल किया गया है। नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिंहा ने कार्यशाला के दौरान कहा कि वाहनों का वॉशिंग और सायरन बजना प्राथमिकता होना चाहिए। शहर के खुले में कचरा फेंकने वालों के लिए विशेष अभियान चलाने कहे हैं। इस संबंध में पर्यावरण विभाग के अधिकारी गजेंद्र का व्याख्यान भी हुआ। उन्होंने अपशिष्ट प्रबंधन के संबंध में जानकारी प्रदान किये एवं पालन न करने की दिशा में कार्रवाई के संबंध में अवगत भी कराए।

### पार्षदों ने दिए सुझाव

इस विशेष कार्यशाला में शहर के वरिष्ठ पार्षद जालंधर सिंह, स्मिता डोडके, मुकेश अग्रवाल, संजय सिंह, नोहर वर्मा, अभय सोनी, के जगदीश, मीरा बंजारे, प्रियंका साहू, गिरजा बंछोर, सहित शहर के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक विशेष रूप से शामिल रहे। सभी सम्मानित पार्षदों एवं वरिष्ठ नागरिकों ने जनहितैषी अपने बेहतर सुझाव दिए।

## खबर संक्षेप



### आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाई गई राजीव की पुण्यतिथि

**भिलाई।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि के अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी 4 द्वारा श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर आतंकवाद विरोध दिवस के रूप में मनाया गया। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ दत्ता ने कहा कि उनका त्याग और बलिदान युग-युग तक देशवासी याद रखेंगे। राजीव गांधी ने देश में कंप्यूटर की क्रांति लाई थी और देश में युवाओं को 18 वर्ष आयु में मतदान का अधिकार दिलाने का किया था। कार्यक्रम को पार्षद और एमआईसी सदस्य साकेत चन्द्राकर व वरिष्ठ कांग्रेसी कलाम खान ने भी संबोधित किया। इस दौरान पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष जी याकूब, सत्यनारायण गुप्ता, डीपी सिंह, राकेश ठाकुर, संदीप कोरी, आकाश हांडे, गजेंद्र वर्मा आदि मौजूद थे।

### उरला वार्ड के हमर क्लीनिक में समस्याओं का होगा निराकरण

**दुर्ग।** आईएचएसडीपी आवास उरला में प्रति बुधवार सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक हमर क्लीनिक के अंतर्गत हेल्थ चेकअप किया जा रहा है। इस दौरान अब दुर्ग निगम की जुड़ी शिकायतें भी की जा सकेंगी। हंसराज नवयुवक मंडल के कार्यकर्ताओं ने इस विषय को लेकर निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल से मुलाकात की। इसके बाद आयुक्त के निर्देश पर यह व्यवस्था की गई है। समाजसेवी जयवर्धन ने बताया कि आईएचएसडीपी कालोनी उरला वार्ड 58 के हमर क्लीनिक में संचालित निगम के अस्थाई जोन कार्यालय में राशनकार्ड, पेंशन व टैक्स से संबंधित सभी प्रकार के कार्य किए जाएंगे। बुधवार 20 मई को भी शिविर लगाया जाएगा, जिसमे क्षेत्र में नियुक्त राजस्व अधिकारी शिवा परिहार व लक्ष्मी शर्मा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करेंगे। संपूर्ण पटरीपार के नागरिकों की आवश्यकता, समस्याओं के निराकरण व सुविधाओं में बढ़ोतरी के उद्देश्य से आईएचएसडीपी कालोनी उरला व दुर्ग में समाजसेवी संगठन हंसराज नवयुवक मंडल द्वारा जनहित व बेहतर वातावरण निर्माण हेतु विभिन्न विषयों में निरंतर हर संभव प्रयास किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य विभाग ने पति-पत्नी दोनों की काउंसलिंग पर दिया जोर

# हाई रिस्क प्रेग्नेंसी में पति निभाएंगे जिम्मेदारी गोसइय्यां कार्यक्रम के तहत दी गई खास ट्रेनिंग

## डिलीवरी प्लान से लेकर ब्लड डोनर और खानपान तक दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

जिले में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित डिलीवरी और बेहतर देखभाल को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने नई पहल शुरू की है। अब गोसइय्यां कार्यक्रम के माध्यम से पतियों को यह सिखाया जा रहा है कि गर्भावस्था के दौरान अपनी पत्नी की देखभाल कैसे करें और प्रसव के समय किन जरूरी बातों का ध्यान रखें।

भिलाई-3 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सिविल अस्पताल सुपेला में आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के साथ उनके पतियों को भी विशेष प्रशिक्षण और काउंसलिंग दी गई। कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी की पहचान, अस्पताल चयन, ब्लड डोनर की व्यवस्था, खानपान, आयरन और कैल्शियम की दवाइयों के महत्व सहित कई जरूरी विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। छत्तीसगढ़ सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को प्रधानमंत्री मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। इसके तहत हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं और पहली तिमाही के बाद की नई गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की जाती है। गोसइय्यां कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं और उनके पतियों को छह प्रमुख बिंदुओं पर काउंसलिंग दी गई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3 में आयोजित सत्र में बीईटीओ सैय्यद असलम ने बताया कि सभी हितग्राहियों का आधार कार्ड, मोबाइल नंबर और बैंक खाते को आपस में लिंक करना जरूरी है। इससे अस्पताल विजिट के दौरान मिलने वाली 100 रुपए की सहायता राशि और प्रसव के बाद जननी सुरक्षा योजना का लाभ सीधे खाते में पहुंच सकेगा।



प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भिलाई-3

### डिलीवरी से पहले अस्पताल तय करने की सलाह

कार्यक्रम में यह भी समझाया गया कि प्रत्येक हाई रिस्क गर्भवती महिला को पहले से यह तय कर लेना चाहिए कि उसकी डिलीवरी किस अस्पताल में कराई जाएगी। इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिविल अस्पताल और जिला अस्पताल की डिलीवरी फैसिलिटी की जानकारी देने के साथ हायर सेंटर मैपिंग कराई गई ताकि प्रसव के समय किसी प्रकार की परेशानी न हो। जिला नोडल मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रम की प्रभारी डॉ. अर्चना चौहान ने कहा कि प्रसव के दौरान यदि रक्त की आवश्यकता पड़ जाए तो पहले से ब्लड डोनर की व्यवस्था होना बेहद जरूरी है। इसी वजह से पतियों को ब्लड डोनर तैयार रखने और जरूरत पड़ने पर तत्काल संपर्क व्यवस्था बनाए रखने की सलाह दी गई।



सिविल अस्पताल सुपेला

### आपात स्थिति में 102 और 108 से तुरंत करें संपर्क

कार्यक्रम में हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के कारणों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि कम कद, थायराइड, हाई ब्लड प्रेशर, अधिक उम्र में गर्भधारण, पूर्व में सीजर ऑपरेशन, ब्लड निगेटिव फैक्टर जैसी कई स्थितियां गर्भावस्था को जोखिमपूर्ण बना सकती हैं। ऐसे मामलों में नियमित जांच और समय पर इलाज बेहद जरूरी है। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने गर्भवती महिलाओं और उनके परिवारों को यह भी बताया कि आपात स्थिति में मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, 102 और 108 एंबुलेंस सेवा से तुरंत संपर्क करें। साथ ही संबंधित मेडिकल ऑफिसर और सेक्टर सुपरवाइजर के मोबाइल नंबर सुरक्षित रखने की सलाह दी गई।

### प्रसव के दौरान जोखिम को कम करने बताया तरीका

काउंसलिंग के दौरान महिलाओं को पौष्टिक भोजन लेने, आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम की गोलियां नियमित खाने के लिए प्रेरित किया गया। प्राकृतिक पोषण के लिए पालक, हरी सब्जियां, मूंगा और गुड़ खाने के फायदे बताए गए। वहीं गर्भावस्था में ढीले कपड़े पहनने और हील वाले चप्पल से बचने की सलाह भी दी गई। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस पहल का उद्देश्य सिर्फ गर्भवती महिलाओं की जांच करना नहीं, बल्कि पूरे परिवार विशेषकर पतियों को जिम्मेदार बनाना है ताकि सुरक्षित मातृत्व को बढ़ावा मिल सके और प्रसव के दौरान होने वाले जोखिम को कम किया जा सके।

## खुले में मांस-मछली बेचने और गंदगी फैलाने वालों पर निगम की गाज, वसूला गया जुर्माना



**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्रांतर्गत स्वच्छता व्यवस्था को दुरुस्त करने और शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए निगम प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खुले में मांस, मछली का विक्रय करने वाले और दुकानों के आसपास गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त चालानी कार्रवाई करते हुए अर्थदंड लगाया गया। जोन-2 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न वार्डों में की गई इस कार्रवाई के तहत कुल 2,150 रुपये जुर्माना वसूला गया।

वार्ड 27 से इन्दू देवी सब्जी दुकान (गंदगी फैलाने पर) 300 रुपए, वार्ड 28 से सानिया गंदगी फैलाने पर 50 रुपए, वार्ड 29 से अभय सिंह गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 30 लोकराम से गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 31 कविता अहिर गंदगी फैलाने पर 100 रुपए, वार्ड 32 परस राम मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500रुपए, वार्ड 33 मो. शरीफ मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए एवं वार्ड 34 मो. सलमान मटन दुकान (गंदगी फैलाने पर) 500 रुपए का जुर्माना लगाया गया। इस तरह कुल 2150 रुपए का जुर्माना लगाया गया है।निगम आयुक्त ने सभी व्यापारियों और नागरिकों से कहा गया है कि वे अपने दुकानों और घरों के आसपास स्वच्छता बनाए रखें। मटन, चिकन या मछली विक्रेताओं को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे नियमों के दायरे में रहकर ही व्यापार करें और कचरे का निपटान सही तरीके से करें, अन्यथा आगे भी इस तरह की दंडात्मक कार्रवाई जारी रहेगी।

## फर्जी टैक्स वसूली पर लगेगी रोक, निगम ने सहायक राजस्व निरीक्षकों को जारी किए पहचान पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग



करदाताओं के हितों की सुरक्षा एवं फर्जी टैक्स वसूली की शिकायतों पर रोक लगाने के उद्देश्य से राजस्व विभाग में कार्यरत सहायक राजस्व निरीक्षकों को आधिकारिक पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं। निगम प्रशासन की इस पहल से अब करदाता आसानी से निगम के अधिकृत कर्मचारियों की पहचान कर सकेंगे तथा फर्जी व्यक्तियों द्वारा टैक्स वसूली के नाम पर होने वाले फर्जीवाड़े पर प्रभावी अंकुश लग सकेगा। इस संबंध में आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि नगर निगम द्वारा कर संग्रहण कार्य में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने बताया कि निगम द्वारा नियुक्त अधिकृत कर्मचारी ही टैक्स संग्रहण कार्य करेंगे और सभी कर्मचारियों को पहचान पत्र जारी कर दिए गए हैं।

बैठक में राजस्व अधिकारी आरके बोरकर सहित राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। निगम प्रशासन ने नागरिकों से कहा है कि टैक्स भुगतान करने से पहले संबंधित कर्मचारी का पहचान पत्र अवश्य देखें और सत्यापन के बाद ही राशि जमा करें।आयुक्त सुमित अग्रवाल ने नागरिकों से सावधानी बरतने की बात कही। कहा कि यदि कोई व्यक्ति बिना पहचान पत्र के टैक्स राशि की मांग करता है, तो उसकी जानकारी तत्काल संबंधित वार्ड पार्षद अथवा नगर निगम कार्यालय से सत्यापित करें। यदि मामला फर्जी पाए जाने की पुष्टि होती है तो तत्काल पुलिस को भी सूचना दें, ताकि दोषियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।

नगर निगम प्रशासन ने करदाताओं से कहा कि वे करों का भुगतान अधिक से अधिक ऑनलाइन माध्यम से करें। ऑनलाइन भुगतान से समय की बचत होती है, पारदर्शिता बनी रहती है तथा करदाताओं को निगम कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती।

### सड़क चौड़ीकरण का रास्ता साफ

**दुर्ग।** नगर निगम प्रशासन एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर के महाराजा चौक से बोरसी मार्ग तक सड़क चौड़ीकरण और प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। संयुक्त टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर बाधक निर्माणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। महाराजा चौक से बोरसी मार्ग चौड़ीकरण तथा मिनीमाता चौक पुलगांव से जेल तिराहा चौक तक प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण एवं पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य को लेकर प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। कई स्थानों पर अतिक्रमणकर्ता स्वयं आगे आकर अपने कब्जे और निर्माण हटा रहे हैं। जानकारी के अनुसार सड़क चौड़ीकरण क्षेत्र में लगभग 200 से अधिक व्यक्तियों द्वारा स्थायी एवं अस्थायी रूप से दुकान, बाउंड्रीवाल, पक्के निर्माण, शेड एवं अन्य निर्माण कर अतिक्रमण किया गया था।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया



दुर्ग। राज्य मुख्य आयुक्त भारत स्काउट्स गाइड्स इंदरजीत सिंग खालसा एवं राज्य सचिव बृजेश बाजपेयी के निर्देशानुसार तथा जिला अध्यक्ष अशोक देशमुख, जिला शिक्षा अधिकारी पदेन जिला आयुक्त अरविंद मिश्रा, जिला आयुक्त गाइड वर्षा ठाकुर के मार्गदर्शन में सुखन्द देवांगन के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान शहर में चलाया गया।

### जलभराव और जल निकासी संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान

# जल निकासी व्यवस्था एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्ग

- बारिश पूर्व तैयारियों का महापौर ने किया निरीक्षण

आगामी बारिश के मद्देनजर नगर पालिक निगम प्रशासन द्वारा शहर में जलभराव और जल निकासी संबंधी व्यवस्थाओं को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग एवं निगम अमला लगातार शहर की व्यवस्थाओं की मॉनिटरिंग कर रहा है। इसी क्रम में लोक कर्म विभाग प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर ने वार्ड पार्षद दीपक साहू, स्वास्थ्य अधिकारी दुर्गेश गुप्ता एवं सहायक स्वास्थ्य अधिकारी शेखर दुबे के साथ सहगल ऑटो के समीप कसारीडीह नाला पहुंचकर सफाई कार्यों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने बताया कि बारिश के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए नालों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने एवं जलभराव वाले क्षेत्रों में विशेष तैयारी की जा रही है। जानकारी अनुसार शंकर नाला मुक्तिधाम के पीछे से सफाई अभियान प्रारंभ कर सुराना कॉलेज केलाबाड़ी नाला, पोटिया नाला सहित कसारीडीह नाला की व्यापक सफाई कराई जा रही है। साथ ही जलभराव संभावित स्थानों की पहचान कर वहां आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जा रही है।



**जिम्मेदारों का कहना है**

**महापौर अलका बाघमार** ने कहा कि निगम प्रशासन बारिश पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने के लिए प्रतिबद्ध है। शहर के प्रमुख नालों एवं जलभराव संभावित क्षेत्रों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**आयुक्त सुमित अग्रवाल** ने कहा कि बारिश के दौरान जलभराव एवं नाली जाम जैसी समस्याओं से निपटने के लिए नियंत्रण व्यवस्था भी बनाई जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों में निगम की टीम नियमित मॉनिटरिंग करेगी तथा शिकायत प्राप्त होते ही तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## लोक संस्कृति जस फाग झांकी संघ की बैठक, कई मुद्दों पर हुई चर्चा



**दुर्ग।** जिला लोक संस्कृति जस फाग झांकी संघ की बैठक अंगार मोती भवन में हुई। जिसमें दुर्ग जिला के सभी गीतकार गुरुजन और दुर्ग जिले के पदाधिकारी मौजूद रहे। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ आय व्यय की जानकारी, भवन निर्माण के लिए चर्चा दुर्ग में झांकी रोड शो पर चर्चा की गई। दुर्ग में रोड शो के लिए हिन्दू युवा मंच, शिव सेना, बजरंग दल और अन्य हिन्दू सनातनी संगठन से दुर्ग जिले के पदाधिकारी मिलकर कुछ नियम व शर्तों के साथ रोड शो करने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। बताया गया कि आने वाले नवंबर माह में दुर्ग जिले के सभी आयोजन समिति और सभी टीम के समक्ष एक बैठक और होगी जिसमें सभी को संघ के नियम की जानकारी दी जाएगी। संघ के जिलाध्यक्ष पवन यादव, सचिव दुर्वासा मेश्राम, उपाध्यक्ष जयदेव, उपकोषाध्यक्ष हेमंत सिंह चौहान, एवन साहू, वरिष्ठ रचनाकार पुरन साहू, धनराज निर्मलकर, ग्वाल दास, चेतन यादव, यशपाल यादव, रतनू चौधरी, देवा देशमुख, दादू नेताम, राजा साहू, किशन साहू एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे यह जानकारी संघ के कोषाध्यक्ष अविनाश सपहा ने दी।

# भीषण गर्मी से बिजली की खपत 270 मेगावॉट से 410 पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

ट्विनसिटी का पारा 45 डिग्री सेल्सियस चला गया है। इस भीषण गर्मी में एसी, कूलर व पंखें दिन रात चल रहे हैं। जिसकी वजह से बिजली की खपत 45 प्रतिशत बढ़ गई है। जनवरी महीने या आम दिनों में 270 मेगावॉट की खपत दुर्ग भिलाई शहर में थी।

वर्तमान में यही शहरवासी 410 मेगावॉट की बिजली जला रहे हैं। यानी 45 प्रतिशत खपत गर्मी में बढ़ गई है। बिजली की ऐसी खपत होने की वजह से ट्रांसफार्मरों में लोड भी ज्यादा बढ़ गया है। लोड बढ़ने से अचानक बिजली बंद हो रही है।

## खपत इतनी अधिक होने की वजह से ट्रांसफार्मरों पर लोड, बिजली हो रही अचानक बंद

### हर दिन कई बार बिजली बंद की समस्या

भीषण गर्मी में हर दिन बिजली बंद की समस्या से लोग जूझ रहे हैं। सुपेला, पावरहाउस, छावनी, रामनगर, वैशालीनगर, खुर्सीपार , भिलाई तीन, नेहरूनगर, रिसाली, नेवईभाठा, चंद्रनगर, लोकनगर , न्यू नेहरूनगर, कबीरनगर उमरपोटी, दुर्ग संतराबाड़ी , केलाबाड़ी, विद्युतनगर, हॉस्पिटल एरिया, शंकरनगर, सिकोलाभाठा, सिकोला बस्ती, सिविल लाइन, बोरसी, तितुरडीह आदि क्षेत्रों में बिजली बंद होने की ज्यादा समस्या है। लोगों ने बताया कि दिन में कई बार बिजली बंद हो जाती है। रात में भी यही स्थिति है। शिकायत करने के बाद भी सुधारने के लिए नहीं आते।





### लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर हो रहे फेल

बिजली की खपत बढ़ने से ट्रांसफार्मर भी फेल हो रहे हैं। उतई विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत सब स्टेशन का ट्रांसफार्मर हाल ही में फेल हो गया। इसे सुधारने में दो दिन लगे। इसी तरह सुपेला, पावरहाउस, छावनी क्षेत्र में भी ट्रांसफार्मर हाल ही में लोड बढ़ने की वजह से फेल हुए हैं। दुर्ग में भी यही समस्या आई। अब तो हाल यह है कि विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारी थोड़ी सी भी हवा का रूख बदलता है बिजली सप्लाई ही बंद कर देते हैं। कूलरों के जरिए ट्रांसफार्मरों को ठंडा रखने की भी जुगत विभाग ने शुरू कर दी है।

### पारा 44.5 डिग्री पर दिनभर लू का अटैक

ट्विनसिटी का पारा रविवार को 44.5 डिग्री सेल्सियस रहा। पूरे दिन लू का अटैक रहा। अलसुबह ही तेज धूप निकली और गर्म हवाएं भी इसी के साथ चलना शुरू हो गई। शाम को भी गर्म हवाओं से राहत नहीं मिली। मौसम विभाग के मुताबिक उत्तर पश्चिम से आने वाली शुष्क और गर्म हवा के प्रभाव के कारण अधिकतम तापमान बढ़ा हुआ है । अभी इसमें विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है । मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है।

## खबर संक्षेप

### शासकीय संगीत कॉलेज में दाखिला शुरू

**भिलाई।** शासकीय नवीन संगीत महाविद्यालय, दुर्ग में बी.पी.ए. प्रथम वर्ष (बैचलर ऑफ परफोर्मिंग आर्ट्स) - शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी), भरतनाट्यम, लोक संगीत विषय में प्रवेश हेतु इंदिरा कला एवं संगीत विश्व विद्यालय खैरागढ़ से प्राप्त सूचना के आधार पर आवेदन की प्रक्रिया के लिए निम्नानुसार तिथि निर्धारित की गयी है।महाविद्यालय में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निर्धारित मार्गदर्शिका सिद्धांत का पालन किया जाता है। शैक्षणिक सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए आवेदन फॉर्म लेने की पंजीयन प्रारंभ हो गई है। अंतिम तिथि 15 जून 2026 निर्धारित की गयी है। प्राप्त आवेदनों के आधार पर प्रावीण्यता सूची बनायीं जाएगी साथ ही अभिरुचि परीक्षा ली जा सकती है। चयनित विद्यार्थियों की सूची 30 जून 2026 को जारी की जाएगी सीट रिक्त होने पर ही द्वितीय सूची निकाली जाएगी। पाठ्यक्रमों में आयु सीमा का बंधन नहीं है। प्रवेश लेने के इच्छुक छात्र छात्राएं वी वाय टी विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग के परिसर में संचालित नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग के कार्यालय से सुबह 11 से दोपहर 2 के बीच आकर आवेदन फॉर्म ले सकते हैं। यहां भारतीय जान परंपरा के अनुरूप मुख्य रूप से शास्त्रीय गायन (हिन्दुस्तानी), भरतनाट्यम एवं लोक संगीत विषय पढ़ाये जाते हैं। पिछले कई सालों से यहां के संगीत विद्यार्थियों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है।

## समीक्षा : विभाग प्रमुखों की बैठक में जनसमस्या निवारण शिविर

# सुशासन तिहार के आवेदनों का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करें: कलेक्टर दिव्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने सभी विभाग प्रमुखों को सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत आम जनता से अपने-अपने विभागों से संबंधित प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समयावधि में युक्तियुक्त ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

कलेक्टर मिश्रा साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को उक्ताशय के निर्देश दिए। बैठक में मिश्रा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत विभागवार प्राप्त आवेदनों एवं इसके निराकरण की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के अंतर्गत प्राप्त सभी आवेदनों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तायुक्त निराकरण सुनिश्चित किया जाना अत्यंत आवश्यक है।

■ तांदुला नदी अतिक्रमण हटाने और जल संरचना कार्यों की समीक्षा

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने सुशासन तिहार के अंतर्गत आयोजित होने वाली जनसमस्या निवारण शिविरों के आयोजन की भी समीक्षा की। उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों को सभी शिविरों में निर्धारित समयावधि तक अधिकारी-कर्मचारियों का अनिवार्य रूप से उपस्थित सुनिश्चित कराने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने भीषण गर्मी को देखते हुए शिविर में उपस्थित आम नागरिकों के अलावा अधिकारी-कर्मचारियों के लिए भी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने रविवार 24 मई को जिले के जीवनदायिनी तांदुला नदी के अतिक्रमण हटाने हेतु राजस्व, पुलिस, जल संसाधन एवं अन्य संबंधित विभागों के द्वारा की गई कार्यवाही की सराहना की। कलेक्टर ने बताया कि रविवार 24 मई को तांदुला नदी के अतिक्रमण हटाने हेतु की गई कार्यवाही के अंतर्गत नदी के कुल 7.5 एकड़ भूमि को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।





बैठक में कलेक्टर ने वर्तमान में चल रहे पश्चिम एशियाई संकट के मद्देनजर जिले के पेट्रोल पंपों में पेट्रोल एवं डीजल की उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली। मिश्रा ने शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सभी विभाग प्रमुखों से राज्य शासन द्वारा जिले में शासकीय व्यय में मितव्ययिता एवं वित्तीय अनुशासन का क्रियान्वयन हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जेएसजेबी 2.0 के अंतर्गत अब तक बालोद जिले में कुल 02 लाख 03 हजार जल संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है, जो कि बहुत ही सराहनीय है। मिश्रा ने जल संचय, जन भागीदारी अभियान 2.0 के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा निर्मित किए जा रहे जल संरचना तथा जेएसजेएबी पोर्टल में उनके एंट्री के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने इस कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने ग्रीष्म ऋतु के दौरान जिले में आम नागरिकों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था, किसानों के लिए खाद, बीज की समुचित उपलब्धता एवं वितरण की स्थिति, तेंदुपत्ता संग्राहकों को समय पर भुगतान आदि विभिन्न विषयों की समीक्षा करते हुए इसके लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## ट्रांसफार्मर में शार्ट सर्किट से कबाड़ दुकान में लगी आग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

कबाड़ी की दुकान में अचानक आग लग जाने से सारा सामान जलकर खाक हो गया है। घटना शनिवार देर रात की बताई जा रही है। मिली जानकारी के मुताबिक सुपेला स्थित राधिका नगर में कबाड़ी दुकान में आग लग गई। आग तेजी से फैलने से आसपास अफरा-तफरी मच गई। कबाड़ी दुकान के पास में ही ट्रांसफार्मर लगा हुआ है। उसमें अचानक चिंगारी निकली और आग कबाड़ी दुकान तक पहुंच गई। बस्ती के लोगों ने आगजनी की जानकारी दमकल कर्मियों को दी। खबर लगते ही टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया गया। जब तक आग बुझती कबाड़ी दुकान का काफी सामान जल गया था। अग्निशमन टीम के मुताबिक कबाड़ी दुकान परमानंद चंदेल की है। दुकान में बड़ी तादात में कबाड़ था इससे भी आग तेजी से फैली है। शुरुआती जांच में आग लगने का कारण ट्रांसफॉर्मर में हुए शॉर्ट सर्किट से होना बताया जा रहा है। लेकिन जांच के बाद ही असली कारणों का पता चल पाएगा। आग में कोई जनहानि नहीं हुई है। आग बुझाने में अग्निशमन दल प्रभारी घनश्याम यादव, कर्मी रामनाथ कुर्रे, संतोष कुमार, अनंत कुमार, भीखम, टिकेन्द्र, जितेन्द्र समेत टीम मौजूद थी।

■ राधिका नगर सुपेला की घटना

**बिजली व्यवस्था रही प्रभावित:** राधिका नगर में लगी आग के कारण कई घंटे इलाके में ब्लैकआउट रहा। कई घंटे बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो पाई।

### तालपुरी की नर्सरी में लगी आग

इधर हुड़को इलाके में तालपुरी फॉरेस्ट नर्सरी शनिवार देर शाम आग लग गई। आग से पेड़ो और सूखी झाड़ियां जल गईं। खबर लगते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात है। आगजनी में कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ है। सिर्फ सुखे पौधे जले हैं।

## जय शक्ति आश्रम निकुम के संतश्री माताजी की हालत गंभीर

### रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के आईसीयू में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



दुर्ग जिले के निकुम ग्राम में स्थित जय शक्ति आश्रम (तीर्थराज देवी निकुंभला धाम) के संस्थापक व संतश्री माताजी की हालत गंभीर बनी हुई है। उन्हे रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर के आईसीयू में भर्ती करवाया गया है। जहां डॉक्टरों की निगरानी पर इलाज चल रहा है। निकुम एक प्रमुख आध्यात्मिक और धार्मिक केंद्र है। यह आश्रम क्षेत्र में शांति, लोक कल्याण और धार्मिक अनुष्ठानों का एक प्रमुख केंद्र रहा है। संतश्री माताजी के द्वारा व उनके मार्गदर्शन में जहां समय-समय पर बड़े यज्ञ और महायज्ञ आयोजित किए गए हैं। गणपति भद्रकाल्यै नमः जैसे विशिष्ट महायज्ञों का आयोजन किया जा चुका है। प्रमुख अनुष्ठान और महायज्ञःक्षेत्र में सुख-शांति और अकाल व सूखे से राहत दिलाने के लिए आश्रम में विशेष अनुष्ठान हुए हैं। पूर्व जनपद सभापति रूपेश देशमुख व निकुम शिवमहापुराण कथा के मुख्य आयोजक रूपेश देशमुख ने बताया कि संतश्री माताजी को इलाज के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में दाखिल करवाया गया है। ब्रेन स्ट्रोक की वजह से उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## यादगार होगा इप्टा के बाल नाट्य शिविर का समापन समारोह, 100 से अधिक नन्हे कलाकार देंगे प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

इप्टा भिलाई द्वारा नेहरु सांस्कृतिक भवन परिसर में चल रहे 25 दिवसीय ग्रीष्मकालीन बाल एवं तरुण नाट्य शिविर का समापन समारोह कलाप्रेमियों के लिए यादगार होगा। पच्चीस और छब्बीस मई को भिलाई विद्यालय सेक्टर दो के सभागार में शिविरार्थी नन्हें कलाकार रंगारंग कलात्कम प्रस्तुति देंगे। दो दिवसीय समारोह में सौ से अधिक बच्चे व युवा कलाकार शिविर में तैयार नाटकों, लोगनृत्य डांस और जनगीतों आदि मोहग कार्यक्रम देंगे। इस अवसर पर इप्टा सहित शहर के रंगकर्मी व बच्चों के पैरेंट्स उपस्थित रहेंगे।

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा , सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सहयोग से आयोजित इप्टा के समापन समारोह के मुख्य अतिथि बीएसपी के नगर सेवाएं विभाग के प्रभारी महाप्रबंधक एबी श्रीनिवास तथा विशेष अतिथि महाप्रबंधक शिक्षा विभाग शिखा दुबे, और क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के डीजीएम राजेंद्र प्रसाद होंगे। 5 मई से 24 मई तक आयोजित शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए जनगीत (मणिमय मुखर्जी, सुचिता मुखर्जी)छत्तीस गढी गीत (भारत भूषण परगनिहा),नाटक (चारू श्रीवास्तव, हर्ष, रोहित रेड्डी, रोहित पाली), नृत्य रोहित रेड्डी, प्रतिष्ठा यादव, गौरी परांजपे, चारू श्रीवास्तव) के मंचन किए जाएंगे।

### भिलाई विद्यालय में 25 और 26 मई को आयोजन

भिलाई इस्पात संयंत्र के क्रीड़ा , सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग के सहयोग से ग्रीष्म कालीन बाल एवं तरूण नाट्य शिविर का दो दिवसीय समापन समारोह भिलाई विद्यालय के मुख्य सभागार मे आयोजित किया गया है। इस सांस्कृतिक आयोजन के मुख्य अतिथि एबी श्रीनिवास महा प्रबंधक प्रभारी नगर सेवाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र तथा विशेष अतिथि शिखा दुबे महा प्रबंधक शिक्षा विभाग , राजेन्द्र प्रसाद उप महा प्रबंधक क्रीड़ा सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधाएं विभाग भिलाई इस्पात संयंत्र होंगे। इस शिविर में प्रशिक्षकों द्वारा तैयार किए गए जनगीत (मणिमय मुखर्जी, सुचिता मुखर्जी)छत्तीस गढी गीत (भारत भूषण परगनिहा),नाटक (चारू श्रीवास्तव, हर्ष, रोहित रेड्डी, रोहित पाली), नृत्य रोहित रेड्डी, प्रतिष्ठा यादव, गौरी परांजपे, चारू श्रीवास्तव) के मंचन किए जाएंगे।

## कोसानाला के सीमांकन में बड़ा खेल, एक नाले का दो खसरा नंबर, हो रहा एक का ही सीमांकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

भिलाई नगर निगम के जोन 1 अंतर्गत आने वाले कोसानाला से लगी शासकीय जमीन का सीमांकन में बड़ा खुलासा हुआ है। जिस नाले का सीमांकन किया जा रहा है राजस्व रिकार्ड में उसे दो भाग में बांटकर नक्शा बनाया गया और दोनो का अलग-अलग खसरा नंबर भी अंकित किया गया है, लेकिन आरआई और पटवारी की टीम ने केवल जुनवानी एरिया के 794 नंबर खसरा को नापा और नाले की चौड़ाई 16 मीटर बता दी, जबकि वास्तविकता ये है कि नाले की चौड़ाई कोहका क्षेत्र में खसरा नंबर 2029 की 16 मीटर और जुनवानी एरिया में खसरा नंबर 794 में 16 मीटर है। इस तरह कुल नाले की चौड़ाई 32 मीटर व उससे अधिक है, लेकिन भूमाफियाओं को फायदा पहुंचाने के लिए निगम और राजस्व विभाग के अधिकारी नाले को 16 मीटर दिखाकर नाप रहे हैं। पार्षद हरिओम तिवारी ने इस नाले का कई साल पुराना राजस्व नक्शा निकाला। उसमें साफ अंकित है कि तत्कालीन राजस्व विभाग के अधिकारियों ने एक ही नाले को दो भाग में दिखाते हुए कोहका एरिया और जुनवानी एरिया का खसरा भी अलग-अलग अंकित कर दिया था। इसी गलती का फायदा उठाकर कई लोगों ने नाला और उससे लगी शासकीय जमीन खसरा नंबर 1177, 901 और 2040 की कई एकड़ जमीन पर कब्जा किया और वहां बड़ी बड़ी बिल्डिंगे तक तान दी है। अब तक की जांच रिपोर्ट और आरआई पटवारियों से बातचीत में यह पता चला है कि शशांक रस्तोगी और विपिंदर सिंह ने शासकीय जमीन पर कब्जा किया है। टीम का कहना है कि वो और भी नाले से लगी शासकीय जमीन का सीमांकन कर रहे हैं। इस यह सीमांकन एसएलआर टीम के निर्देशन में होगा। इसमें जिन लोगों के भी नाम आएंगे उसकी रिपोर्ट कलेक्टर अभिजीत सिंह को दी जाएगी। उसके बाद उनके निर्देशन में आगे की कार्रवाई की जाएगी।



■ कोहका एरिया नाला का खसरा 2029 और जुनवानी का 794 दोनों की चौड़ाई 16-16 मीटर

## पुलिस चेकिंग में संदिग्धों की जांच



**भिलाई।** वैशाली नगर पुलिस ने जवाहर नगर स्थित बॉम्बे आवास एवं आईएसडीपी आवास में प्रातः काल में पहुंचकर चेकिंग शुरु किया गया। अभियान में 4 संदिग्ध को पकड़कर पूछताछ और सत्यापन कार्रवाई की गई। पुलिस को मौके से बिना नंबर की 5 संदिग्ध वाहन भी जब्त किए गए है। उनके दस्तावेजों, स्वामित्व की जांच की जा रही है। कार्रवाई में 2 व्यक्तियों को पुलिस ने पकड़ा है। अभियान का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाए रखना, असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण करना है। फरार आरोपियों, संदिग्ध व्यक्तियों की जांच करना है। कार्रवाई में थाना वैशाली नगर, थाना नंदिनी, थाना नेवई, चौकी स्मृति नगर, चौकी जेवरा सिरसा, महिला थाना, ट्रैफिक थाना भिलाई, पुलिस लाइन दुर्ग के अधिकारियों, कर्मियों का योगदान रहा है।


## पेज 9 का शेष

### हाईटेक डायल 112 ...

स्थितियां निर्मित होती रहती हैं। डायल-112 सेवा के तहत शहरी क्षेत्रों में 10 मिनट तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मिनट के भीतर घटनास्थल तक पहुंचने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 112 वाहन की तीनों पहर अलग-अलग स्थानों पर तैनाती की जा रही है। सुबह के समय वाहन नगर के बटेरा चौक क्षेत्र में तैनात रहता है, जहां लोगों की आवाजाही अधिक रहती है। दोपहर एवं शाम के समय वाहन को दुर्घटना संभावित संबलपुर नर्सरी क्षेत्र और खरखरा जलाशय भेजा जाता है, ताकि सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति में तत्काल सहायता पहुंचाई जा सके। वहीं रात के समय नई बस स्टैंड क्षेत्र में 112 वाहन की मौजूदगी रहती है, जहां यात्रियों और आम लोगों की भीड़ अधिक रहती है।डायल-112 वाहन में तैनात पुलिसकर्मियों को फर्स्ट एड, क्राउड कंट्रोल और त्वरित कार्रवाई का विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षित टीम मौके पर पहुंचकर नागरिकों को सुरक्षा, सहायता एवं आवश्यक प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराएगी। इस सेवा का लाभ नगर पंचायत सहित आसपास के सभी गांवों के लोगों को मिलेगा। पुलिस प्रशासन का कहना है कि जनता का सहयोग ही सुरक्षित, जागरूक और जिम्मेदार समाज की सबसे मजबूत नींव है। हाईटेक डायल-112 सेवा के शुरू होने से क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी बनने की उम्मीद जताई जा रही है।

### आयरन रिमूवल ...

बॉक्स लगाया गया है, उसकी गुणवत्ता और क्षमता पर भी ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। इतनी छोटी संरचना से पूरे गांव को आयरन मुक्त पानी मिलना संभव नहीं है। सूचना पटल न लगाकर योजना की जानकारी ग्रामीणों से क्यों छिपाई गई? स्थानीय जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि डीएमएफ की राशि का बंदरबांट कर अधिकारियों और ठेकेदारों की मिलीभगत से आदिवासी अंचल में गुणवत्ताहीन कार्य कराए जा रहे हैं। नर्रालगुड़ा के बाद अब ये दूसरा बड़ा मामला है, जिससे डी एम एफ मद के कार्यों की पारदर्शिता पर सवाल खड़े हो गए है










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### घर जा रहे युवक से लूटपाट आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई।** लूटपाट करने वाले युवक व अपचारी बालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि अटल आवास जवाहर नगर निवासी उमेश सिंह परमार ने शिकायत किया था कि सिविक सेंटर से काम कर घर लौटते समय उसके साथ लूटपाट हुआ था। शिकायत के बाद पुलिस ने खोजबीन कर घासीदास नगर अटल जामुल निवासी सूरज कुमार राजभर और अपचारी बालक को पकड़ा गया। उसके पास से पुलिस ने बाइक जब्त किया गया है।

### सामान पार करने वाले गिरफ्तार, कबाड़ी है फरार

**भिलाई।** मकान निर्माण सामाग्री को चोरी करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम कुरूद स्थित बाड़ी से लोहे का सरिया, पाईप, एंगल, अन्य सामग्री चोरी करने वाल बिजली नगर छावनी निवासी गुलाब सिंह राजपूत को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 30 हजार रुपये का लोहा कबाड़ी के गोदाम से बरामद किया है। घटना की शिकायत कुरुद निवासी बलराम साहू ने पुलिस से किया था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि चोरी के सामान को सुरेश सिंह उर्फ सुरेश पाण्डेय कबाड़ी के गोदाम गुरुदीप इंटरप्राईजेस, इंडस्ट्रियल एरिया भिलाई में बेचना स्वीकार किया। आरोपी की निशानदेही पर कबाड़ी गोदाम से चोरी का सामान जब्त किया गया। गिरफ्तार कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी कबाड़ी सुरेश सिंह उर्फ सुरेश पाण्डेय में फरार है। जिसकी तलाश जारी है।

### लाखों का डोडा तस्करी करते राजस्थान का युवक गिरफ्तार



**भिलाई।** अवैध रूप से डोडा का चूरा की तस्करी करते एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर बोरसी चौक स्थित शीतला मंदिर के पास पदमनाभपुर से पकड़ा गया। युवक से पूछताछ करने पर अपना नाम नोकड़ा, गोदारा थाना भोजासार, जिला फलोदी राजस्थान जो हाल में बोरसी निवासी महेंद्र बिश्नोई बताया है। युवक के पसा से 12 किलो 330 ग्राम अवैध डोडा चूरा और नगदी 1500 रुपए बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 1.84 लाख 959 रुपये आंकी गई है। लगातार नशे का सामान लेकर दिगर राज्यों के लोग शहर में लगातार पकड़े जा रहे हैं। इसके कारण जिला नशे का बड़ा हब बन गया है। जिस तेजी से नशे का कारोबार फैल रहा है। पुलिस तस्करों को पकड़ रही है, लेकिन नशे का मास्टर माइंड आज तक पुलिस पकड़ से बाहर है। बाहर से आने वालों का पुलिस डाटा तैयार नहीं कर पाने के कारण ही नशे के कारोबारी छत्तीसगढ़ को सुरक्षित मान रहे हैं।

आयोजन

**शहीद परिवार की प्रति हमारी संवेदना : पूर्व विधायक भैयाराम**

# झीरम घाटी हमले के शहीदों को कांग्रेसजनों ने दी श्रद्धांजलि


हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर




ब्लॉक कांग्रेस कमेटी गुरूर द्वारा स्थानीय कार्यालय मे देश के सबसे बड़ा झीरम घाटी नक्सली हमला में शहीद हुए तत्कालीन प्रदेश अध्यक्ष शहीद नंदकुमार पटेल, नेता प्रतिपक्ष बस्तर टाइगर महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार, दिनेश पटेल सहित कांग्रेसी नेता एवं सुरक्षा बल के जवानों को शहादत दिवस पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू ने कहा कि आज ही के दिन 2013 में कांग्रेस की परिवर्तन यात्रा सुकमा से वापस लौट रही थी। जैसे ही काफिला झीरम घाटी पहुंचा तभी अचानक नक्सलियों ने हमला कर दिया। इस हमले में हमारे शीर्ष नेतृत्व पूरा शहीद हो गया, आज उनकी पुण्यतिथि पर हम सादर नमन करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं, उनके द्वारा संगठन के प्रति किए गए कार्यों को हमेशा याद किया। जाएगा वो सब हमारे प्रेरणाश्रोत है। पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने शहीदों को नमन करते हुए शहीद शीर्ष नेताओं के व्यक्तित्व एवं प्रदेश के सर्वांगीण विकास हेतु दिए गए योगदान को याद करते हुए कहा कि शहीद परिवार की प्रति हमारी संवेदना है, यह अपूर्णीय क्षति है, इस रिक्ति पंक्ति को कभी भरा नही जा सकता, अमर शहीदों से हमें हमेशा प्रेरणा मिलता रहेगा। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर साहू, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी महामंत्री शादिक अली, जिला महामंत्री जितेंद्र यादव, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष ओंकार महमल्ला, मंडल अध्यक्ष यशवंत पूरी गोस्वामी, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा साहू, पूर्व पार्षद गजेन्द्र मंडावी, संयुक्त सचिव खिलावन कुंभज, मोहम्मद खान सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### झीरम हमले के शहीदों को कांग्रेसियों ने किया याद



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा द्वारा सोमवार को नगर स्थित कांग्रेस भवन में झीरम घाटी हमले में शहीद हुए कांग्रेस नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शहीद नेताओं के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार प्रभाकर ने झीरम घाटी हमले में शहीद हुए नेताओं को भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए उनके योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शहीद नेताओं के बताए मार्ग पर चलकर संगठन को मजबूत बनाने की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रतिनिधि अनिल लोढ़ा के पिता गेंदमल लोढ़ा तथा नगर के वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद जुगरु बघेल के हाल ही में हुए निधन पर भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि सभा में हस्तीमल सांखला, गोविंद चंद्राकर, राजाराम तारम, दामेश्वर देशमुख, तेजेश्वरी दुग्गा, प्रकाश शर्मा, कमलेश सिंह टांक, गोपी नारायण, रवि कुमार साहू, राकेश सांखला, शेख फरीद सिद्दीकी, मंथीर राम भंडारी, महेश कुमार तारम, लोकनाथ निषाद, कल्याण गीर, शांति बाई, निर्मला ठाकुर, जनकलाल निषाद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### दुर्लभ पांडुलिपियों के संरक्षण के लिए डॉ. प्रकाश पतंगीवार सम्मानित

**बालोद।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार ज्ञान भारतम् राष्ट्रीय पांडुलिपि सर्वेक्षण कार्य के अंतर्गत बालोद जिले में सर्वे का कार्य निरंतर जारी है। सर्वे के दौरान जिले के अलग-अलग स्थानों में निरंतर पाण्डुलिपियां प्राप्त हो रही है। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज अपने कक्ष में दुर्लभ पांडुलिपियों के संग्रहण एवं संरक्षण कार्य के लिए गुरूर विकासखण्ड के ग्राम ठेकवाडीह निवासी डॉ. प्रकाश पतंगीवार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने डॉ. पतंगीवार के दुर्लभ पांडुलिपियों के संग्रहण एवं संरक्षण कार्य की सराहना करते हुए उनके द्वारा संग्रहित पाण्डुलिपियों को अमूल्य धरोहर बताया।

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने डॉ. प्रकाश पतंगीवार द्वारा लाए गए दुर्लभ पांडुलिपियों का अध्ययन और मूल्यांकन किया गया। ज्ञातव्य हो कि ऐतिहासिक महत्व की इन सभी पांडुलिपियों की प्रविष्टियां डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के लिए 'ज्ञान भारतम' मोबाइल एप्लीकेशन में भी दर्ज की गई। इस अवसर पर ज्ञान भारतम अभियान की सहायक नोडल अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर भी उपस्थित थीं।

## 108 घरों में हुआ गायत्री महायज्ञ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अण्डा

ग्राम अंडा (गांधीनगर) में 108 घरों में गृहे-गृहे गायत्री महायज्ञ एवं हवन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान घर-घर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन किया गया, जिससे पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर हो गया। अंडा, विनायकपुर क्षेत्र के जनपद सदस्य अजीत चन्द्राकर ने परिवार के साथ समय-समय पर गायत्री महायज्ञ, नियमित हवन एवं गायत्री मंत्र साधना (पुरश्चरण) जैसे आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य लोगों में संस्कार, नैतिकता एवं आध्यात्मिक चेतना का विकास करना है। इसके अलावा स्वास्थ्य रक्षा एवं मानसिक शांति के लिए गर्मी के मौसम में सामूहिक "प्रज्ञा योग" शिविर तथा "गृहे-गृहे यज्ञ" कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इन आयोजनों के माध्यम से लोगों को योग, ध्यान एवं सकारात्मक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। गायत्री परिवार के सदस्यों ने बताया कि आने वाले समय में भी इस प्रकार के धार्मिक एवं जनजागरण कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

## सिर्री शक्ति केंद्र में भाजपा की मासिक बैठक आयोजित

**गुण्डरदेही।** सिर्री शक्ति केंद्र में भाजपा की प्रथम मासिक बैठक रविवार को आयोजित किया गया। जिसमें सभी बूथों में मन की बात सुनने। सरल पोर्टल में कार्यक्रमों की गतिविधियों को अपलोड करने की चर्चा हुई। साथ ही बूथ कमेटी की सत्यापन करने हेतु चर्चा हुई। बैठक मे मुख्य रूप से प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य किसान मोर्चा एवं सिरएँ शक्ति केंद्र प्रभारी श्रीकांत वर्मा, सरपंच ग्राम पंचायत सिर्री भारती देवांगन, बूथ अध्यक्ष गुलाब देशलहरे, सनत पवार, बूथ अध्यक्ष मनोज देवांगन, रविन्द्र देशलहरे, खेमलाल देवांगन, कुलदीप वर्मा, केशव चंद्राकर, बूथ अध्यक्ष शीतल सेन, हरिशंकर निर्मलकर, मनोज देशमुख, किशन कटेंद्र, जीतू देवांगन उपस्थित थे।



## आमटी में मनरेगा अंतर्गत नाला सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्य का हुआ शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र के ग्राम पंचायत आमटी में दिनांक 25 मई को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत नाला सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्य का शुभारंभ विधिवत पूजा-पाठ एवं नारियल फोड़कर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ग्राम पंचायत की सरपंच दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी द्वारा किया गया। इस कार्य में वर्तमान में 271 मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। मनरेगा कार्य प्रारंभ होने से ग्रामीणों में उत्साह एवं खुशी का माहौल देखा जा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव में रोजगार मिलने से उन्हें बाहर पलायन नहीं करना पड़ेगा तथा स्थानीय स्तर पर ही रोजगार का लाभ मिल रहा है। इस कार्य में सभी वर्गों के लोगों को समान रूप से काम करने का अवसर प्रदान किया गया है। कार्यक्रम के दौरान सरपंचलम दुर्गा पुरुषोत्तम चौधरी ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने एवं गांव के विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ कराया जा रहा है। नाला सफाई एवं जीर्णोद्धार कार्य से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी तथा बरसात के मौसम में ग्रामीणों को राहत मिलेगी।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर सचिव उत्तम देशमुख, रोजगार सहायक देव कुमार साहू, खोरबहारा पटेल, देवेन्द्र देशमुख, पंकज पटेल, कन्हैया चौधरी, ओमशंकर यादव, रघुनाथ साहू, हिमांशु पटेल, नीरज साहू, टोपलाल, राजकुमार निषाद, सोनिया बाई, खिलेश्वरी साहू, जानकी साहू, संतोषी यादव, कल्याणी पटेल, डामेश्वरी पटेल, शारदा पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सूत सारथी समाज की नई प्रदेश कार्यकारिणी का गठन

**बालोद।** सूत सारथी समाज के नई प्रदेश कार्यकारणी का गठन किया गया। इस चुनाव मे प्रदेश से आये सदस्यो की उपस्थिती मे योगेश सारथी अध्यक्ष पद पर व महासचिव पद पर विक्रम सेंगर भारी मतो से विजय हुए।

वही उपाध्यक्ष पद पर गणेश सोनवानी, कोषाअध्यक्ष पद पर लक्ष्मी प्रसाद सारथी, साथ ही कार्य कारणी पद पर स्मृति बाला बंछोर, सरोज हेमलता सारथी, मुरारी सारथी, अशोक सारथी, हेमंत सारथी, जीवन सारथी, निर्विरोध चुने गये। चुनाव समिति के अध्यक्ष ऐआर.बघेल व उनके सदस्यो द्वारा विधिवत चुनाव कराकर निर्वाचित प्रतिनिधीयो को प्रमाण पत्र दिया गया।






### तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग

**बालोद।** जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी द्वारा सदर रोड़ के अवैध कब्जो पर कार्यवाही करने की मांग करते हुए धरना प्रदर्शन करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। शहर के जय स्तंभ चौक में पार्टी द्वारा धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जिसके बाद रैली के माध्यम से पार्टी के नेताओ व महिला, पुरुष कार्यकर्ताओ के द्वारा तहसीलदार को मांगपत्र सौपा गया।

**हितग्राहियों को लाभ नहीं मिलने से नाराज पार्षदों ने नगर पालिका प्रशासन को सौंपा ज्ञापन**

## पेंशन और जनहितकारी योजनाओं में लापरवाही पर कांग्रेस का हल्लाबोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा





नगर पालिका क्षेत्र में संचालित जनहितकारी योजनाओं के लाभ से हितग्राहियों को लगातार वंचित किए जाने के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी दल्लीराजहरा के नेतृत्व में कांग्रेस पार्षदों ने नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। कांग्रेसजनों ने नगर पालिका पहुंचकर जिम्मेदार अधिकारियों को मांग पत्र सौंपते हुए चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो नगर पालिका का घेराव कर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं के अंतर्गत आने वाले पात्र हितग्राहियों को पिछले एक वर्ष से पेंशन और अन्य सहायता राशि का लाभ नहीं मिल पा रहा है। श्रद्धांजलि योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, विकलांग पेंशन योजना, विधवा एवं परित्यक्ता पेंशन योजना तथा वृद्धा पेंशन योजना जैसी अनेक योजनाएं केवल कागजों तक सीमित होकर रह गई हैं। गरीब, बुजुर्ग और जरूरतमंद लोग अपनी राशि के लिए प्रतिदिन बैंकों और नगर पालिका कार्यालय के चक्कर काटने को मजबूर हैं। कांग्रेस पार्षदों ने कहा कि भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप में बुजुर्ग एवं असहाय हितग्राही घंटों बैंक के बाहर भटक रहे हैं, लेकिन उन्हें हर बार यही जवाब दिया जाता है कि खाते में राशि नहीं आई है। नगर पालिका कार्यालय में भी कोई स्पष्ट जानकारी देने को तैयार नहीं है। इससे आम जनता में भारी नाराजगी और आक्रोश व्याप्त है। हितग्राहियों की लगातार बढ़ती शिकायतों के बाद कांग्रेस पार्षदों ने उनकी समस्याओं को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समक्ष रखा।

इसके बाद कांग्रेसजनों ने एकजुट होकर नगर पालिका प्रशासन को चेताते हुए मांग की कि सभी लंबित योजनाओं की राशि तत्काल हितग्राहियों के खातों में जमा कराई जाए, ताकि गरीब और जरूरतमंद लोगों को राहत मिल सके। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतिराम कोसमा ने कहा कि यदि निर्धारित समयावधि के भीतर हितग्राहियों के खातों में पेंशन और योजनाओं की राशि जमा नहीं की गई तो कांग्रेसजन नगर पालिका का घेराव कर जनआंदोलन करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

### हेरोइन तस्कर पकड़ाया

**भिलाई।** हेरोइन तस्करी करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जामुल पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ढांचा भवन निवासी रज्जी कौर अपने पुत्र किशन सिंग के साथ मिलकर अवैध रूप से हेरोइन (चिट्टा), डोडा बेचने की शिकायत मिली थी। पुलिस घेराबंदी कर प्रकरण में अब तकर आरोपी रज्जी कौर, किशन सिंग, मिथलेश, परमेश्वर, लोकेश, निहाल, अल्ताफ, माजिद, दीपक कुमार शाह, रणदीप, अभयजोत सिंह को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका था। जांच के बाद फरार आरोपी खुर्सीपार जोन-03, सड़क नंबर 4 निवासी राहुल उर्फ गौरव पाठक को पकड़ा गया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

**मांगों और शिकायतों के निराकरण के लिए अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश**

## कलेक्टर जनदर्शन में सुनी गई आम लोगों की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के विभिन्न स्थानों से अपने मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु पहुंचे आम नागरिकों के लिए राहत भरा साबित हुआ।

इस दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों से आत्मीय बातचीत कर उनकी मांगों एवं समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को तलब कर आवेदकों के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में बालोद विकासखण्ड के ग्राम खपरी के बिरेन्द्र कुमार ने शिक्षा ऋण दिलाने, नंगूटोला के लोहरूराम ने कृषि भूमि का बंटवारा कराने, बरबसपुर निवासी तुलेश्वरी ने नया राशन कार्ड बनाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह बालोद विकासखण्ड के ग्राम जमरूवा सुखराम ने फसल क्षति का मुआवजा दिलाने, बोहारडीह के जमुना बाई ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने, भंवरमरा के सरपंच ने नहर नाली का सीमेंटीकरण कराने, रूपुटोला के ग्रामीणों ने पक्की सड़क का निर्माण कराने एवं उसरीटोला के ग्रामीणों ने मुक्तिधाम में शेड निर्माण के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किए।

जनदर्शन में जिले के विभिन्न स्थानों से बड़ी संख्या में लोग कलेक्टर से मुलाकात करने पहुँचे थे। कलेक्टर मिश्रा ने जनदर्शन में पहुँचे लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी आत्मीयता से उनके मांगों एवं समस्याओं को सुना। मिश्रा ने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से जनदर्शन में पहुँचे लोगों के मांगों एवं समस्याओं के समुचित निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

